<u>**प्रेस विज्ञप्ति**</u>

**इंडिया रेटिंग्स ने इरेडा की रेटिंग को 'एए +' (आउटलुक: पोजिटिव ) से अपग्रेड कर 'एएए ' (आउटलुक: स्टेबल) कर दिया है।**

नई दिल्ली, 28 जून, 2023

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स ने भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) की ऋण साधनों की रेटिंग को 'एए+' (आउटलुक: पोजिटिव) से 'एएए' (आउटलुक: स्टेबल) में अपग्रेड कर दिया है।

**रेटिंग कार्रवाई का सार**

| साधन के प्रकार | जारी करने की साइज (रुपए मिलियन में ) | रेटिंग/आउटलुक | रेटिंग कार्रवाई |
|---|---|---|---|
| भारत सरकार द्वारा पूर्णत सेवित बॉण्ड @ | 16,400 | एएए/स्टेबल | पुष्टि |
| कर-मुक्त बॉण्ड | 20,000 | एएए/स्टेबल | अपग्रेड |
| करयोग्य बॉण्ड | 18,030 | एएए/स्टेबल | अपग्रेड |
| करयोग्य हरित बॉण्ड | 15,650 | एएए/स्टेबल | अपग्रेड |
| कर योग्य अप्रतिभूत अधीनस्थ ऋण | 6,500 | एएए/स्टेबल | अपग्रेड |
| अप्रतिभूत करयोग्य बॉण्ड | 39,694 | एएए/स्टेबल | अपग्रेड |
| वित्तीय वर्ष 24 उधार कार्यक्रम*$ | 2,15,000 | एएए/स्टेबल | सौंपा गया |
| सतत बॉण्ड (वित्तीय वर्ष 24) $ | 5,000 | एए+/स्टेबल | सौंपा गया |
| वाणिज्यिक पत्र (वित्तीय वर्ष 24) | 20,000 | ए1+ | सौंपा गया |
| अधीनस्थ ऋण ( वित्तीय वर्ष 24) $ | 20,000 | एएए/स्टेबल | सौंपा गया |

@ इन बांडों की सर्विसिंग केंद्रीय बजट पर एक प्रभारित व्यय है, जैसा कि नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) और इरेडा के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन में स्पष्ट रूप से बताया गया है।

*बॉण्ड और बैंक ऋण दोनों का मिश्रण ।

$अभी जुटाया जाना है ।

^इरेडा ने ये साधन जारी नहीं किए हैं।

इससे पहले, मार्च 2023 के दौरान , आईसीएआर ने इरेडा की रेटिंग को 'एए +' (आउटलुक: पॉजिटिव) से अपग्रेड करके 'एएए ' (आउटलुक: स्टेबल) कर दिया था।

उपर्युक्त रेटिंग्स परिसंपत्ति गुणवत्ता, प्रावधान कवरेज और फ्रैंचाइज़ी वृद्धि के बारे में क्रेडिट प्रोफ़ाइल में निरंतर सुधार को दर्शाती हैं। इंडिया रेटिंग्स भारत सरकार के साथ इरेडा के मजबूत संबंधों और भारत में नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) परियोजनाओं के विस्तार और वित्तपोषण के लिए एक शीर्ष संस्थान के रूप में इसकी स्थिति को ध्यान में रखती है। इरेडा की सकल गैर-निष्पादित संपत्ति वित्तीय वर्ष 23 में कम होकर भारतीय रुपए में 15.13 बिलियन (3.21%) हो गई (वित्तीय वर्ष 22: भारतीय रुपए में 17.68 बिलियन, 5.21%)। वित्तीय वर्ष 2023 में नेट गैर-निष्पादित संपत्ति भी घटकर 1.66% रह गई (वित्तीय वर्ष 22: 3.12%)। इंडिया रेटिंग्स को उम्मीद है कि इरेडा उत्सर्जन को कम करने के साथ-साथ भारत के आरई क्षेत्र को विकसित करने में विशेष रूप से वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा ।

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने आईसीआरए के पहले अपग्रेड करने के बाद इंडिया रेटिंग्स के रेटिंग अपग्रेड करने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि, “बढ़ी हुई रेटिंग इरेडा को कम लागत पर पूंजी जुटाने के लिए सुविधा प्रदान करेगी। इससे, बदले में, परियोजना डेवलपर्स को कम ब्याज दरों पर इरेडा से प्रतिभूत ऋण प्राप्त करने का लाभ होगा। नतीजतन, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना वित्तपोषण में कंपनी के पोर्टफोलियो का विस्तार हो सकता है, जिससे स्वच्छ और अधिक टिकाऊ भविष्य की दिशा में भारत की यात्रा में मदद मिलेगी।"

श्री दास ने स्वीकार किया कि ये अपग्रेड पिछले तीन वर्षों के दौरान इरेडा की मजबूत क्रेडिट प्रोफ़ाइल, असाधारण वृद्धि और सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले कॉर्पोरेट प्रशासन के प्रति प्रतिबद्धता को मान्यता देते हैं। उन्होंने इस सफलता का श्रेय माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, श्री आर.के. सिंह, माननीय राज्य मंत्री, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, रसायन और उर्वरक, श्री भगवंत खूबा, एमएनआरई के सचिव,श्री भूपिंदर सिंह भल्ला, एमएनआरई के अन्य अधिकारीगण और निदेशक मंडल के निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन को दिया जिसके कारण यह उपलब्धि संभव हो पाया ।